प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 23.07.2025

- **शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर ₹ 28,699 की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करायी गई।**
- **थाना मंगलपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 28,660/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री ब्रजेश कुमार पुत्र श्री सूरजपाल सिंह निवासी ग्राम परहुली, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात के साथ साइबर अपराधियों द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खाते से लिंक भेजकर यूपीआई के माध्यम से ₹28,699 /- निकालकर साइबर धोखाधडी की गयी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कुल धनराशि ₹28,660 /- शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराई गई। थाना मंगलपुर पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना मंगलपुर पुलिस को धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹28,660 /-

धनराशि वापस कराने वाली टीम-

थाना मंगलपुर पुलिस